p>

Title: Need to open office of crop insurance companies at district level.

**श्री हेमन्त पाटिल :** मुझे दो मिनट दीजिए । मुझे पहली बार इस सदन में बोलने का आपने मौका दिया है इसके लिए मैं धन्यवाद करता हूं । हिन्दू हृदय सम्राट बाबा साहब ठाकरे जी को अभिनन्दन करता हूं, जिनकी वजह से मेरा जैसा सड़क पर काम करने वाला कार्यकर्ता आज इस देश की सर्वोच्च सभाग्रह में बात कर रहा है । हिन्दुस्तान एक कृषि प्रधान देश है और ग्रामीण आबादी के अधिकतम लोग कृषि पर आश्रित हैं । सरकार ने फसल के नुकसान और किसानों की रक्षा करने के लिए पंत प्रधान फसल बीमा योजना शुरू की है, लेकिन इसके नाम पर किसानों का शोषण निजी बीमा कंपनियों की तरफ से किया जा रहा है । इन कंपनियों का एक भी कार्यालय जिला स्तर पर नहीं है, जब प्रीमियम भरा जाता है तो सरकारी बैंको में भरा जाता है और जो राज्य शासन के कृषि विभाग के अधिकारी हैं उनके माध्यम से प्रीमियम भरा जाता है । उन अधिकारियों को मुफ्त में काम करने के लिए बाध्य किया जाता है । किसान जब शिकायत करने जाते हैं तो इन कंपनियों के अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं, न ही जिला स्तर पर कोई कार्यालय ही है । मैं मांग करता हूं कि जिला स्तर पर एक कार्यालय इनका होना चाहिए ।

**माननीय सभापति :** आप समाप्त कीजिए ।

**श्री हेमन्त पाटिल :** सभापति महोदय, एक मिनट लेना चाहूंगा । यह बहुत महत्वपूर्ण बात है । फिलहाल यूनिट ब्लाक स्तर पर जो योजना है, उसके अंतर्गत 25 गांवों का एक ही जगह यूनिट ब्लॉक है । गांव में अगर बारिश होती है तो हर गांव में इस योजना के स्तर पर कार्य किया जाए । राज्य शासन के जो सूखा ग्रसित क्षेत्र हैं एवं अकाल के निकट जो क्षेत्र हैं उनके लिए कृषि फसल बीमा समान होनी जरूरी है ।